डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा -2026

[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)]

DIPLOMA-CERTIFICATE ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION-2026

[POLYTECHNIC (ENGG.) / PARA MEDICAL (MATRIC LEVEL) / PARA MEDICAL (INTERMEDIATE LEVEL)]

D. C. E. C. E. [PE / PMM /PM] 2026

विवरण-पुस्तिका 2026

Scan QR code to visit website

Website: https://bceceboard.bihar.gov.in

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Bihar Combined Entrance Competitive Examination Board

विषय-सूची

क्रम सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	परिचय।	3
2.	पाठ्यक्रम-समूह।	3
3.	संस्थान / पाठ्यक्रम / उपलब्ध सीटें।	3
4.	पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) पाठ्यक्रम समूह (PE) के लिए अर्हतायें तथा वांछित योग्यतायें।	3
5.	पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह (PMM) के लिए अर्हतायें तथा वांछित योग्यतायें।	4
6.	पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह (PM) के लिए अर्हतायें तथा वांछित योग्यतायें।	4
7.	आरक्षण।	5
8.	सैनिक कर्मचारी-कोटा (SMQ) के अन्तर्गत (सैन्यपाल्य हेतु) पॉलिटेकनिक अभियंत्रण पाठ्यक्रम समूहों के लिए अतिरिक्त आरक्षित सीटें।	7
9.	डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा : प्रश्न पत्र / परीक्षा स्तर।	7
10.	आवेदन पत्र तथा परीक्षा शुल्क।	9
11.	आवेदन पत्र भरने के लिये आवश्यक निर्देश।	11
12.	आवेदन पत्र भरने से संबंधित विशेष सूचना।	13
13.	डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा प्रक्रिया।	13
14.	डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के उपरान्त।	13
15.	अन्य आवश्यक सूचनाएँ।	15

परिशिष्ट / सारणी

सारणी 1.1	: त्रिवर्षीय अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम की स्वीकृत सीटों की विवरणी।	17
सारणी 1.2	: प्राईवेट पॉलिटेकनिक अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम की स्वीकृत सीटों की विवरणी।	26
सारणी 2.1	: पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रम के लिए स्वीकृत पाठ्यक्रम की सीटों की विवरणी।	28
सारणी 3.1A	: पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम के लिए सरकारी संस्थानों में ए.एन.एम. पाठ्यक्रम के सीटों की विवरणी।	29
सारणी 3.1B	पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम के लिए निजी संस्थानों में ए.एन.एम. पाठ्यक्रम के सीटों की विवरणी।	32
सारणी 3.1C	: पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम के लिए सरकारी संस्थानों में जी.एन.एम. पाठ्यक्रम की सीटों की विवरणी।	37
सारणी 3.1D	पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम के लिए निजी संस्थानों में जी.एन.एम. पाठ्यक्रम की सीटों की विवरणी।	38
सारणी 3.2	: पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम के लिए सीटों की विवरणी।	42
परिशिष्ट-4	: (दिव्यांगता जांच एवं दिव्यांगता प्रमाण-पत्र निर्गत करने वाले संस्थानों/ केन्द्रों की सूची।)	46
परिशिष्ट-4.i	: PM/PMM पाठ्यक्रमों के लिए दिव्यांगता से सम्बन्धित अर्हता / योग्यता।	47
परिशिष्ट-4.ii	: PE पाठ्यक्रमों के लिए दिव्यांगता से सम्बन्धित अर्हता / योग्यता।	55
परिशिष्ट-4.iii	: सैनिक कर्मचारी कोटा (SMQ) से सम्बन्धित विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार का संकल्प।	56
परिशिष्ट-5	: (Certificate of Disability से सम्बन्धित मॉडल प्रपत्र) ।	57
परिशिष्ट-6	: विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार का पत्रांक-707 दिनांक 16.02.2024 (शिक्षण शुल्क से सम्बन्धित) ।	58

****

LIST OF ENCLOSURES (CHECK LIST)
अनुलग्नकों की सूची (जाँच सूची)

Sl.No. क्रम. सं.	Particulars of Enclosures अनुलग्नक - विवरणी	Persons/ Organisations from where it should be obtained व्यक्ति / संस्थान / संगठन जहाँ से उसे प्राप्त करना है
1.	(i) Certificate of passing (ii) Marks sheet and (iii) Admit Card, for Matric/ equivalent Examination for Polytechnic (Engg.) / Para Medical Courses (Matric Level) / Para Medical (Intermediate level) माध्यमिक स्तरीय / समकक्ष परीक्षा पास होने का (i) प्रमाण पत्र (ii) अंक पत्र एवं (iii) प्रवेश पत्र [पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल पाठ्यक्रम (माध्यमिक स्तरीय) / पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) के लिए]	Board or equivalent बोर्ड या समकक्ष।
2.	(i) Certificate of passing (ii) Marks Sheet and (iii) Admit Card for Intermediate / or equivalent examination for Para Medical Courses (Intermediate Level) इंटर मीडिएट स्तरीय / समकक्ष परीक्षा पास होने का (i) प्रमाण पत्र (ii) अंक पत्र एवं (iii) प्रवेश पत्र [पारा मेडिकल पाठ्यक्रम (इंटरमीडिएट स्तरीय) के लिए]	Relevant University / Council or its equivalent सम्बन्धित विश्वविद्यालय / परिषद् या समकक्ष।
3.	Caste certificate जाति प्रमाण-पत्र	Issued by the Concerned C.O./ Revenue Officer of Permanent residence. स्थायी निवास के अंचलाधिकारी / राजस्व अधिकारी द्वारा निर्गत।
4.	Income & Asset Certificate to be produced by Economically Weaker Section आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला आय एवं परिसम्पति प्रमाण पत्र	Issued by concerned DM / SDM / C.O./ Revenue Officer of permanent resident in prescribed proforma. स्थायी निवास के डी.एम./ एस.डी.एम./ सी.ओ./ राजस्व अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में निर्गत।
5.	Character certificate चरित्र प्रमाण पत्र	Head of Institution last attended. जिस संस्थान में अंतिम रूप से नामांकित हों, उसके प्राधानाचार्य / प्राचार्य।
6.	Income Certificate (If needed to be submitted at the time of counselling) आय प्रमाण पत्र (आवश्यकतानुसार कॉउन्सेलिंग के समय प्रस्तुत किया जाना है)	Issued by the Concerned C.O./ Revenue Officer of Permanent residence. स्थायी निवास के अंचलाधिकारी/ राजस्व अधिकारी द्वारा निर्गत।
7.	Application Form (Part-A) आवेदन पत्र (पार्ट-A)	Duly filled in by the candidate and photo pasted on the specified place on it. अभ्यर्थी द्वारा भरा हुआ एवं निर्दिष्ट स्थान पर फोटो चिपकाया हुआ।
8.	Photograph फोटोग्राफ	Photograph (As per 11.2 of the Prospectus) फोटोग्राफ (विवरण पुस्तिका की कंडिका-11.2 के अनुसार)।
9.	(i) Certificate for permanent resident of Bihar बिहार के स्थायी / मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र	Issued by the Concerned C.O./ Revenue Officer of Permanent residence. स्थायी निवास के अंचलाधिकारी / राजस्व अधिकारी द्वारा निर्गत।

Sl.No. क्रम. सं.	Particulars of Enclosures अनुलग्नक – विवरणी	Persons/ organisations from where it should be obtained व्यक्ति / संस्थान / संगठन जहाँ से उसे प्राप्त करना है
	*(ii) Refugee Registration certificate शरणार्थी निबन्धन प्रमाण पत्र	Issued by the DM/ Refugee Registration Officer जिला दंडाधिकारी / शरणार्थी निबंधन पदाधिकारी।
*(iii)	Certificate showing that the applicant's parent is an employee of the Govt. of Bihar इस आशय का प्रमाण पत्र कि आवेदक के माता / पिता बिहार सरकार के कर्मी हैं	Employer concerned सम्बन्धित नियोजनकर्त्ता।
*(iv)	Certificate showing that the applicant's parent is an employee of Govt of India and posted in Bihar or an employee of any Public Sector Undertaking of the Government of India and posted in Bihar at the time of the submission of the application इस आशय का प्रमाण पत्र कि आवेदक के माता / पिता आवेदन पत्र देने के समय भारत सरकार के कर्मी (Employee) हैं एवं बिहार में पदस्थापित हैं या भारत सरकार के किसी उपक्रम के कर्मी (Employee) हैं एवं बिहार में कार्यरत हैं	Employer concerned सम्बन्धित नियोजनकर्त्ता।
*(v)	Certificate showing that the applicant's parent is an employee of the United Nations Organisation and that he/ she is at present posted in Bihar इस आशय का प्रमाण पत्र कि आवेदक के माता / पिता युनाईटेड नेशन्स आर्गनाईजेशन के कर्मी (Employee) हैं एवं वे संप्रति बिहार में पदस्थापित हैं	Employer concerned. सम्बन्धित नियोजनकर्त्ता।
*(vi)	Certificate for Servicemen's Quota (SMQ), clearly mentioning the relationship of the candidate सर्विस मेन्स कोटा (SMQ) प्रमाण पत्र जिसमें यह स्पष्ट किया हो कि अभ्यर्थी से किस प्रकार का सम्बन्ध है	As per paragraph 8 of this Prospectus. इस विवरण पुस्तिका की कंडिका-8 के अनुसार।
*(vii)	Certificate for DISABLED Quota दिव्यांगता (DQ) प्रमाण पत्र	As per paragraph 7.5 of this Prospectus. इस विवरण पुस्तिका की कंडिका-7.5 के अनुसार।
10.	Aadhaar Card आधार कार्ड	Issued by Unique Identification Authority of India भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से निर्गत।

*** *Note :*** ***To be furnished wherever applicable.***
आवश्यकतानुसार उपलब्ध करायें।

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

डिप्लोमा–सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026

[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)]

1. बिहार सरकार के विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार के ज्ञापांक- 200 दिनांक 02.02.2001 के अनुसार बिहार राज्य के अन्तर्गत पॉलिटेकनिक संस्थानों के विभिन्न अभियन्त्रण पाठ्यक्रमों और पत्रांक-वि.प्रा.(II) छात्र-03/2008/3226 दिनांक 29.11.2010 तथा स्वास्थ्य (चिकित्सा शिक्षा एवं देशी चिकित्सा) विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना- 1028(1) दिनांक 31.12.2005 के अनुसार सरकारी संस्थानों में सभी श्रेणी के पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) / पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) के कुल सीटों एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिसूचना सं.- 961(6) दिनांक 14.07.1997 के अनुसार मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संस्थानों के पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) के अन्तर्गत GNM / ANM पाठ्यक्रमों में 50% सीटों पर नामांकन के लिये चयन हेतु डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026, बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी।

2. पाठ्यक्रम-समूह :

2.1 पॉलिटेकनिक (अभियन्त्रण) पाठ्यक्रम समूह (PE) :

इस समूह में पॉलिटेकनिक संस्थानों के सभी अभियन्त्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं। इसका कोड **PE** होगा।

2.2 पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह (PMM):

इस समूह में पारा मेडिकल पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं। इसका कोड **PMM** होगा।

2.3 पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह (PM) :

इस समूह में सभी पारा मेडिकल एवं डेंटल पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं। इसका कोड **PM** होगा।

3. संस्थान / पाठ्यक्रम / उपलब्ध सीटें :

विभिन्न पाठ्यक्रम समूहों के लिए संस्थानों/ पाठ्यक्रमों/ उपलब्ध सीटों के विवरण निम्नलिखित सारणियों में उपलब्ध हैं-

पाठ्यक्रम समूह		सारणी सं.	परिशिष्ट सं.
i.	पॉलिटेकनिक अभियंत्रण (माध्यमिक स्तरीय)	1.1, 1.2	1
ii.	पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)	2.1	2
iii.	पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)	3.1A, 3.1B, 3.1C 3.1D एवं 3.2	3

पॉलिटेकनिक अभियंत्रण (माध्यमिक स्तरीय) एवं पारा मेडिकल (माध्यमिक / इन्टरमीडियट स्तरीय) पाठ्यक्रम की पी.एम.एम/ पी. एम. सीटों की विवरणी विगत वर्ष के आधार पर दर्शाया गया है। गैर सरकारी मान्यता प्राप्त (पारा मेडिकल) संस्थानों में उपलब्ध सीटों की 50 प्रतिशत सीटों पर डी.सी.ई.सी.ई.-2026 के मेधाक्रम के आधार पर नामांकन होगी। बिहार सरकार द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों / विषयों की शिक्षा, सीटों की संख्या में फेर बदल होने पर तदनुसार जानकारी नामांकन हेतु साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग के पूर्व दे दी जायेगी।

4. पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) पाठ्यक्रम समूह (PE) के लिए अर्हतायें तथा वांछित योग्यतायें :

4.1 शैक्षणिक :-

पाठ्यक्रम : अभियंत्रण (तीन वर्षीय)।

शैक्षणिक योग्यता : (क) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित माध्यमिक परीक्षा अथवा समकक्ष दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण। (ख) **जो आवेदक वर्ष 2026 की माध्यमिक परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं वे भी पॉलिटेकनिक अभियंत्रण पाठ्यक्रम के लिए योग्यता-प्राप्त हैं, किन्तु इस परीक्षा के आधार पर प्रथम कॉउन्सेलिंग प्रारम्भ होने की तिथि तक उत्तीर्ण होना आवश्यक है।**

नोट : विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार द्वारा विनिर्दिष्ट, शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी आभातशिप (AICTE) के अन्य बन्धेज लागू किया जा सकता है।

4.2 आवासीय :-

केवल वे ही आवेदक प्रवेश पा सकते हैं, जो भारत वर्ष के नागरिक हैं और निम्नलिखित में से कम-से-कम एक आवासीय श्रेणी के अंतर्गत आते हैं।

(i) जिनके माता/ पिता/ पति/ पत्नी बिहार के स्थायी / मूल निवासी हैं।

(ii) जिनके माता/ पिता/ पति/ पत्नी बिहार में निर्बंधित शरणार्थी (रिफ्यूजी) हैं।

(iii) जिनके माता/ पिता/ पति/ पत्नी बिहार सरकार के कर्मचारी हैं।

(iv) जिनके माता/ पिता/ पति/ पत्नी बिहार में पदस्थापित भारत सरकार के कर्मचारी हैं या बिहार में पदस्थापित भारत सरकार के उपक्रमों / संस्थानों के कर्मचारी हैं।

(v) जिनके माता/ पिता/ पति/ पत्नी राष्ट्रसंघ के कर्मचारी हैं और वर्तमान में बिहार में पदस्थापित हैं।

4.3 शारीरिक :-

प्रवेश के लिए चयनित आवेदकों की चिकित्सयीय जाँच करायी जायगी। चिकित्सयीय जाँच में योग्य पाये जाने पर ही आवेदक को प्रवेश दिया जाएगा। स्वास्थ्य परीक्षण हेतु अलग से शुल्क देय होगा।

4.4 आयु :-

अभियंत्रण पाठ्यक्रम समूह के लिए आवेदकों की कोई अधिकतम या न्यूनतम आयु सीमा नहीं है।

4.5 संस्थान एवं शाखा परिवर्तन :-

संस्थान एवं शाखा परिवर्तन संबंधी सभी मामलों पर पर्षद द्वारा निर्णय लिया जायेगा । पर्षद का निर्णय अन्तिम होगा । **उसके बाद संस्थान एवं शाखा परिवर्तन-संबंधी किसी भी आवेदन पर संबंधित संस्थानों/ विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों के निदेशकों/ कुलपतियों/ प्राचार्यों अथवा संबंधित निदेशालयों द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।**

4.6 राजकीय महिला पॉलिटेकनिक संस्थानों में केवल अर्हता-प्राप्त महिला अभ्यर्थियों का ही नामांकन हो सकता है।

5. पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह (PMM) के लिए अर्हतायें तथा वांछित योग्यतायें।

5.1 शैक्षणिक :-

पाठ्यक्रम : ड्रेसर (परिधापक)।

शैक्षणिक योग्यता : माध्यमिक परीक्षा / सी.बी.एस.ई. / आई.सी.एस.ई. से दसवीं या अन्य समकक्ष परीक्षा में विज्ञान विषय एवं अंग्रेजी के साथ उत्तीर्ण। **जो आवेदक वर्ष 2026 की माध्यमिक परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं वे भी इस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए योग्यता-प्राप्त हैं, किन्तु इस प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर मेधासूची प्रकाशन की तिथि तक उनका उत्तीर्ण होना आवश्यक है।**

5.2 आवासीय :-

कंडिका 4.2 के समान।

5.3 शारीरिक :-

कंडिका 4.3 के समान।

5.4 आयु :-

पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह के लिये आवेदक की आयु दिनांक 31.12.2026 को न्यूनतम 15 वर्ष एवं अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिये। माध्यमिक परीक्षा के प्रवेश पत्र या उत्तीर्णता प्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि को ही मान्यता दी जायेगी। उम्र के सन्दर्भ में शपथ पत्र (अफिडेविट) या अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।

6. पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह (PM) के लिए अर्हतायें तथा वांछित योग्यतायें।

6.1 शैक्षणिक :-

पाठ्यक्रम :

(i) डिप्लोमा-इन-फार्मेसी (भारतीय भैषज्य परिषद की मान्यता संस्थान को प्राप्त होने की स्थिति में ही नामांकन किया जायेगा)।

(ii) सैनिटरी इन्सपेक्टर (स्वच्छता निरीक्षक)।

(iii) ऑफथैलमिक असिस्टेंट (चक्षु सहायक)।

(iv) ओ.टी. असिस्टेंट (शल्य गृह सहायक)

(v) लेबोरेट्री टेकनीशियन (प्रयोगशाला प्रावैधिक)

(vi) एक्स-रे टेकनीशियन (एक्स-रे प्रावैधिक)

(vii) ऑरथोटिक एवं प्रौस्थेटिक सहायक।

(viii) जी.एन.एम. नर्सिंग कोर्स (केवल महिलाओं के लिये)।

(ix) ए.एन.एम. नर्सिंग कोर्स (केवल महिलाओं के लिए)।

(x) डेन्टल मैकेनिक्स।

(xi) डेन्टल हाइजनिस्ट।

शैक्षणिक योग्यता :

(क) डिप्लोमा इन फार्मेसी के लिए इन्टरमीडिएट साइन्स या अन्य समकक्ष परीक्षा में भौतिकी, रसायन शास्त्र, एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त गणित या जीव विज्ञान में उत्तीर्ण।

(ख) (i) जी.एन.एम. (ग्रेड-A जेनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) कोर्स, जो केवल महिलाओं को उपलब्ध होगा, के लिये 10+2 / 12th विज्ञान विषयों (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान) में कम-से-कम 40% प्राप्तांकों एवं अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को न्यूनत्तम प्राप्तांक में 5% की छूट होगी।

(ii) जिन अभ्यर्थियों ने 10+2 / इन्टरमीडिएट वोकेशनल नर्सिंग कोर्स, नर्सिंग कॉउन्सिल ऑफ इन्डिया द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से 40% प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण किया है, वे भी जी.एन.एम. नर्सिंग कोर्स में नामांकन हेतु उम्मीदवारी के योग्य होंगे।

(iii) ए.एन.एम. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण वैसी अभ्यर्थी जिन्होंने 10+2 / इन्टरमीडिएट परीक्षा 40% प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण कर लिया है वे भी इस पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु उम्मीदवारी के योग्य होंगे।

(ग) ए.एन.एम.(नर्सिंग) कोर्स, जो केवल महिलाओं के लिए उपलब्ध होगा, के लिए केवल 10+2/ इन्टरमीडिएट परीक्षा 40% प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। ए.एन.एम. कोर्स के लिए 10+2 / इन्टरमीडिएट की परीक्षा में अंग्रेजी विषय अवश्य होना चाहिए।

(घ) शेष पाठ्यक्रमों के लिए जो आवेदक + 2 इन्टरमीडिएट साईन्स या अन्य समकक्ष परीक्षा में **भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान एवं अंग्रेजी में उत्तीर्ण हों वे इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऑप्थैल्मिक सहायक पाठ्यक्रम के लिए इन्टरमिडिएट विज्ञान अथवा समकक्ष में भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान और अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।**

(ङ) **डेंटल मेकेनिक्स एवं डेंटल हाईजिनिष्ट कोर्स में नामांकन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अन्तर्गत भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 10+2 / इन्टरमीडिएट साईन्स उतीर्ण।**

(च) **जो आवेदक वर्ष 2026 की 10+2 / इन्टरमीडिएट परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं वे भी इस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त हैं, किन्तु इस प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर मेधासूची प्रकाशन तक उनका उत्तीर्ण होना आवश्यक है।**

6.2 आवासीय :-

कंडिका 4.2 के समान।

6.3 शारीरिक :-

कंडिका 4.3 के समान।

6.4 आयु :-

पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह के लिये आवेदक की आयु दिनांक 31.12.2026 को न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 32 वर्ष होनी चाहिये। जी.एन.एम. पाठ्यक्रम के लिए उक्त तिथि को अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। ए.एन.एम. पाठ्यक्रम के लिए भी अधिकतम आयु की सीमा नर्सिंग कॉउन्सेल ऑफ इन्डिया के अद्यतन प्रावधान के अनुसार 35 वर्ष है। माध्यमिक परीक्षा के प्रवेश पत्र या उत्तीर्णता प्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि को ही मान्यता दी जायेगी। उम्र के सन्दर्भ में शपथ पत्र (अफिडेविट) या अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।

6.5 स्टाफ ग्रेड-ए नर्सिंग पाठ्यक्रम एवं ए.एन.एम.नर्सिंग पाठ्यक्रम केवल महिलाओं के लिये आरक्षित है। इस पाठ्यक्रम में प्रतियोगिता परीक्षा में सफल उम्मीदवार के नामांकन के समय, गर्भवती होने की स्थिति में उनका नामांकन तो हो सकेगा लेकिन वे तत्काल प्रशिक्षण प्राप्त करने योग्य नहीं होगी। ऐसी उम्मीदवार गर्भावस्था समाप्त होने के बाद पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्ति के उपरान्त ही प्रशिक्षण प्राप्त करने योग्य होंगी। उन्हें सम्बन्धित अधीक्षक द्वारा गठित चिकित्सा परिषद् से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात् ही प्रशिक्षण के योग्य माना जाएगा। ऐसी उम्मीदवार निर्धारित अवधि का प्रशिक्षण प्राप्त कर लेने के बाद ही परीक्षा में सम्मिलित होने के योग्य होंगी।

7. आरक्षण :

7.1 नामांकन हेतु चयन एवं तदुपरान्त प्रवेश के लिये बिहार सरकार द्वारा इस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए Online आवेदन-पत्र भरने के लिए आरम्भ करने की तिथि तक निर्धारित एवं लागू किये गये आरक्षण अधिनियम / नियमों/ नीतियों का पालन किया जायेगा।

7.2 (क) डी.सी.ई.सी.ई.-2026 का संचालन राज्य सरकार द्वारा गठित 'बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद' करेगा जिसके आधार पर नामांकन हेतु चयन एवं सीट आवंटन के उद्देश्य से **इस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए online आवेदन की प्रक्रिया आरम्भ करने की तिथि तक राज्य सरकार द्वारा लागू किये गये बिहार (शैक्षणिक संस्थान में नामांकन में) आरक्षण अधिनियम, 2003 (समय-समय पर संशोधित) की धारा-2 में उल्लिखित प्रावधान का पालन किया जायेगा ।**

(ख) जो आवेदक बिहार राज्य के स्थायी निवासी (Permanent resident) हों उनके लिये प्रत्येक संस्थान में नामांकन हेतु बिहार सरकार द्वारा Online आवेदन-पत्र की प्रक्रिया आरम्भ करने की तिथि तक लागू आरक्षण नीति के अनुसार विभिन्न कोटियों के लिये आरक्षण निम्नवत हैं :-

क्रम	कोटि		आरक्षित सीटों का प्रतिशत
1.	अनुसूचित जाति (Scheduled Caste : SC)	–	**16%**
2.	अनुसूचित जनजाति (Scheduled Tribe : ST)	–	**01%**
3.	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (Extremely Backward Class : EBC)	–	**18%**
4.	पिछड़ा वर्ग (Backward Class : BC)	–	**12%**
5.	आरक्षित वर्गों की महिलाएँ (Reserved Category Girls : RCG)	–	**03%**
6.	* आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (Economically Weaker Section : EWS)	–	**10 %**

शेष **40 %** अनारक्षित सीटें सामान्य कोटि (Unreserved Category : UR) की होगी।

नोट – * आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित असाधारण अंक गजट (संख्या- पटना 284) पटना, दिनांक 26.02.2019 के अनुसार होगा।

(ग) जो आवेदक बिहार के स्थायी / मूल निवासी नहीं हैं, वे बिहार राज्य के संस्थानों में कंडिका 7.2(ख) में कर्णांकित की गई आरक्षण कोटि की सीटों पर नामांकन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के पत्र संख्या- 11/आ0 विविध- 50/2011 सा० 2710 दिनांक 26.08.2011 के अनुसार पात्रता-प्राप्त नहीं होंगे।

(घ) **PMM / PM** पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु महिलाओं का आरक्षण : बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम-2021 के आलोक में बिहार राज्य अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन हेतु समय-समय पर लागू उर्ध्वाचर आरक्षण के प्रावधानों को अक्षुण्ण रखते हुए विश्वविद्यलय से संबद्ध प्रत्येक संस्थान एवं महाविद्यालय में पाठ्यक्रमवार एवं कोटिवार कुल सीटों का एक तिहाई महिला अभ्यर्थियों के नामांकन के लिए क्षैतिज रूप से आरक्षित रहेगी। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में यह आरक्षण राज्य स्तर पर विशेषज्ञतावार लागू होगा।

परन्तु यह कि इस लाभ के लिए केवल बिहार राज्य की निवासी महिलायें ही पात्र होगी। योग्य महिला अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में उसी शैक्षणिक सत्र में रिक्त सीटों को संगत कोटि (आरक्षित / गैर आरक्षित) के पुरूष अभ्यर्थियों से भरा जा सकेगा। इन प्रावधानों को लागू करने हेतु सरकार द्वारा समय-समय पर यथोपेक्षित आदेश निर्गत किया जा सकेगा।

7.3 आवेदन-पत्र ऑन लाईन Submit करने हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ करने की तिथि को लागू बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत एवं निर्गत SC/ST/ EBC/BC की सूची के आधार पर ही आरक्षण हेतु कोटि (Category) निर्धारित की जायेगी।

7.4 **(i)** आरक्षित वर्ग के वैसे अभ्यर्थी जो अपनी मेधा के आधार पर सामान्य [Unreserved (UR)] (खुली गुणा गुण) कोटि की मेधा सूची में स्थान प्राप्त करते हैं, उन्हें सामान्य [Unreserved (UR)] (खुली गुणा गुण) कोटि में मनोनुकूल पाठ्यक्रम / संस्थान प्राप्त नहीं होने पर, बेहतर विकल्प के लिए अपने सम्बन्धित आरक्षण कोटि की मेरिट पर पाठ्यक्रम / संस्थान के चयन का विकल्प प्राप्त हो सकेगा।

(ii) इस सन्दर्भ में राज्य सरकार / माननीय न्यायालय यदि कोई दिशा-निर्देश जारी करती है तो विचारोपरान्त उसे अद्यतन रूप से लागू किया जा सकता है।

7.5 दिव्यांग कोटा के अन्तर्गत आरक्षित सीटें :

(i) दिव्यांगों के लिए सभी संस्थानों में कुल निर्धारित सीटों की 5 (पाँच) प्रतिशत सीटें दिव्यांग कोटा के लिये आरक्षित हैं जो निर्धारित कुल सीटों की संख्या में ही सम्मिलित होंगी।

(ii) इस क्रम में नामांकन हेतु सीट आवंटन के उद्देश्य से यदि राज्य सरकार कोई अन्य आदेश, इस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए Online आवेदन-पत्र की प्रक्रिया आरम्भ करने की तिथि तक जारी करती है तब उसी आदेश के अनुरूप, दिव्यांग कोटा के अन्तर्गत नामांकन में आरक्षण- प्रावधान लागू होगा।

(iii) विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक- वि.प्रा.(II) नामांकन-01/2015-1675 दिनांक 24.07.2015 के अनुसार राजकीय पॉलिटेकनिक, सहरसा , राजकीय पॉलिटेकनिक, गोपालगंज एवं नवीन राजकीय पॉलिटेकनिक, पटना-13 में दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 25-25 सीटें अतिरिक्त रूप से उपलब्ध है। जो उक्त संस्थानों के निर्धारित शाखाओं में दिव्यांग अभ्यर्थियों द्वारा भरा जायेगा ।

7.5.1 दिव्यांग कोटा के अभ्यर्थी अपने ऑन लाईन आवेदन में निर्धारित स्थान पर अपना दावा अंकित कर इस विवरण पुस्तिका के परिशिष्ट-4 पर अंकित निर्धारित चिकित्सा महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा दिव्यांगता जाँच उपरांत निर्धारित प्रपत्र (परिशिष्ट-5) में निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र नामांकन के पूर्व Documents Verification के समय मूल रूप से प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

नोट – उपरोक्त निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र राज्य के PE/PM/PMM आदि संस्थानों में नामांकन हेतु ही मान्य होगा, अन्य किसी और प्रयोजन हेतु नहीं।

दिव्यांग कोटि के वैसे अभ्यर्थी जो Permanent loss of limbs या Cerebral palsy से प्रभावित होने के कारण स्वयं लिखने में सक्षम नहीं हैं और उनके पास इस आशय का प्राधिकृत मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र उपलब्ध है, उन्हें ऑन लाईन आवेदन करते समय यथा स्थान श्रुतिलेखक उपलब्ध कराने का अनुरोध करना आवश्यक होगा।

7.5.2 दिव्यांग कोटा के अन्तर्गत मेधा-सह-विकल्प के आधार पर दिव्यांग आवेदक उन्हीं पाठ्यक्रमों में से किसी एक पाठ्यक्रम का चयन कर सकेंगे जिसके लिये स्वीकार्य मानकों के अधीन निर्धारित दिव्यांगता के अनुरूप उनकी दिव्यांगता ऐसे पाठ्यक्रम के चयन में बाधक नहीं होगी। चिकित्सयीय जाँच में योग्य पाये जाने पर ही आवेदक को नामांकन आदेश निर्गत किया जायेगा। इस चिकित्सयीय जाँच के लिये अलग से शुल्क लगेगा। [देखे परिशिष्ट-4(i) एवं 4(ii)]

ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थियों को इस विवरण पुस्तिका के परिशिष्ट-4 पर अंकित निर्धारित चिकित्सा महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा दिव्यांगता जाँच उपरांत निर्धारित प्रपत्र (परिशिष्ट-5) में निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र नामांकन के पूर्व Documents Verification के समय मूल रूप से प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

नोट – उपरोक्त निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र राज्य के पारा मेडिकल/ पॉलिटेकनिक आदि संस्थानों में नामांकन हेतु ही मान्य होगा, अन्य किसी और प्रयोजन हेतु नहीं।

7.5.3 विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक- वि.प्रा.(II) व²-07/2017/1231 दिनांक 09.04.2019 द्वारा संसूचित। AICTE (अभातशिप) की ''शिक्षण शुल्क छूट'' योजना के अन्तर्गत जिन अभ्यर्थियों के माता/ पिता (जिनके माता-पिता जीवित न हो उनके लिए अभिभावक) की वार्षिक आय रु. 8,00,000/- (आठ लाख) रुपये से कम हो उनके लिए डिप्लोमा संस्थानों की कुल स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 5% अतिरिक्त सीटों पर नामांकन का प्रावधान है।

8. सैनिक कर्मचारी-कोटा (SMQ) के अन्तर्गत (सैन्यपाल्य हेतु) पॉलिटेकनिक अभियंत्रण पाठ्यक्रम समूहों के लिए आरक्षित सीटें।

8.1 बिहार राज्य निवासी सेवारत / सेवानिवृत्त सैनिक कर्मचारियों के पुत्रों / अविवाहित पुत्रियों के लिए प्रत्येक पॉलिटेकनिक संस्थान में संचालित सभी शाखाओं में एक-एक सीटें (सर्विसमैन कोटा) आरक्षित हैं, जिनका विवरण परिशिष्ट-1 में दिया गया है।

नोट : सैनिक कर्मचारी कोटा के आरक्षित सीटों पर विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत संकल्प संख्या-1647 दिनांक 08.06.2010 की कंडिका 3.(iii) को इस विवरण पुस्तिका के परिशिष्ट 4(iii) में देखें।

8.2 सैनिक कर्मचारी कोटा के अन्तर्गत आरक्षित स्थानों पर नामांकन सिर्फ बिहार राज्य निवासी सेवारत अथवा सेवानिवृत्त सैनिक कर्मचारियों के पुत्रों तथा अविवाहित पुत्रियों को ही दी जाएगी।

8.3 सैनिक कर्मचारी कोटा के अन्तर्गत आरक्षित सीटों के लिए योग्य पाये गए आवेदकों द्वारा पॉलिटेकनिक अभियंत्रण पाठ्यक्रम समूह की परीक्षा में प्राप्त कुल अंक के आधार पर निर्धारित मेधा सूची के अनुसार नामांकन हेतु चयन किया जाएगा। **यदि फिर भी SMQ की सीटें रिक्त रह जाती है तो उन सीटों को गुणागुण कोटि से भरी जायेगी।**

8.4 सैनिक कर्मचारी कोटा की इन आरक्षित सीटों की सुविधा प्राप्त करने के लिये निम्नांकित प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ नामांकन हेतु साक्षात्कार / काउंसेलिंग के समय प्रस्तुत करना प्रादेशात्मक (Mandatory) है।

(क) सेवारत सैनिक कर्मचारियों / सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पुत्रों एवं अविवाहित पुत्रियों के लिये :

(i) जिला दंडाधिकारी / अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवेदक का संबंध और आश्रित प्रमाण पत्र।

(ii) सक्षम सैनिक अधिकारी द्वारा निर्गत सेवारत सैनिक कर्मचारी प्रमाण पत्र (सेवारत सैनिक कर्मचारियों के लिए) या जिला सैनिक पर्षद (डिस्ट्रिक्ट सोल्जर्स बोर्ड) द्वारा निर्गत सेवानिवृत्त सैनिक कर्मचारी प्रमाण पत्र (सेवा निवृत कर्मचारियों के लिए)।

(iii) डिस्चार्ज सर्टिफिकेट (यदि लागू हो)।

(ख) भूतपूर्व सैनिक कर्मचारी (Ex.-Service Men) कौन है?

As per the Extract of "A Guide To Resettlement of Ex-Service Men-1984" Ministry of Defence, Directorate General Resettlement :

(i) An Ex-Service Man is a person who has served in any rank (whether as a combatant or as a non-combatant) in the Armed Forces of the Union including the Armed Forces of the former Indian States (but excluding the Assam Rifles, Defence Security Corps, General Reserve Engineering Force, Lok Sahayak and Territorial Army) for a continuous period of not less than six months after attestation and has been recessed otherwise than at his own request or by way of dismissal or discharge on account of misconduct or inefficiency or has been transferred to the reserve pending such release or has to serve for not more than six months for completing the period of service requisite for becoming entitled to be released or transferred to the reserve or has been released at his own request after completing five years service in the Armed Forces of the Union.

(ii) Former Personnel of the Jammu & Kashmir Militia are also now treated as "Ex-Service Men".

(iii) Four Categories of Territorial Army personnel are now being treated as "Ex-Service Men" by the Ministry of Defence.The Categories are :

(a) Pension Holders of the continuous embodied service.

(b) Disabled Territorial Army personnel with disability attributed to Military Service.

(c) Family Pension Holders.

(d) Gallantry Award Winners.

9. डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा : प्रश्न पत्र / परीक्षा स्तर।

9.1 प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिन्दी में रहेंगे तथा परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) पर निर्देशानुसार देंगे।

9.2 परीक्षा के क्रम एवं अवधि में प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक पर अंकित सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। उत्तर-पत्रक की पीठ पर दिये गये गद्यांश को नीले / काले बॉल प्वाइंट कलम से अपनी हस्तलिपि में पूर्ण रूप से लिखकर अपना पूरा हस्ताक्षर हिन्दी तथा अंग्रेजी में निर्धारित स्थान पर करना अत्यावश्यक है अन्यथा उनके उत्तर-पत्रक को रद्द कर दिया जायेगा।

9.3 पाठ्यक्रम समूहवार प्रश्न पत्र / परीक्षा की तिथि एवं अवधि / परीक्षा स्तर :

पॉलिटेकनिक अभियंत्रण PE, पारा मेडिकल PMM - (माध्यमिक स्तरीय) तथा पारा मेडिकल PM , (इंटरमीडिएट स्तरीय) समूहों के लिये अलग अलग प्रश्न पत्र की परीक्षा प्रवेश सत्र-2026 में नामांकन हेतु सम्पन्न की जायेगी।

पाठ्यक्रम-समूहवार प्रश्न- पत्र एवं परीक्षा की अवधि तथा परीक्षा स्तर निम्नलिखित हैं-

(i) प्रश्न पत्र - अभियंत्रण पाठ्यक्रम समूह (PE) : अवधि 2 घंटा 15 मिनट पूर्णांक 450

विषय	प्रश्न संख्या	पूर्णांक
भौतिक विज्ञान	30	150
रसायन विज्ञान	30	150
गणित	30	150
	---	---
	90	450

(नोट : परीक्षा माध्यमिक स्तरीय।)

(ii) प्रश्न पत्र – पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)पाठ्यक्रम समूह (PM): अवधि 2 घंटा 15 मिनट पूर्णांक 450

विषय	प्रश्न संख्या	पूर्णांक
सामान्य विज्ञान	25	125
(भौतिक / रसायन/ जीव विज्ञान)		
अंकगणितीय योग्यता	15	75
हिन्दी	15	75
अंग्रेजी	15	75
सामान्य ज्ञान	20	100
	---	---
	90	450
	---	---

(नोट : हिन्दी, अंग्रेजी एवं सामान्य ज्ञान इन्टरमीडिएट स्तरीय एवं सामान्य विज्ञान तथा अंकगणितीय योग्यता माध्यमिक स्तरीय।)

(iii) प्रश्न पत्र- पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)पाठ्यक्रम समूह (PMM): अवधि 2 घंटा 15 मिनट पूर्णांक 450

विषय	प्रश्न संख्या	पूर्णांक
भौतिक विज्ञान	20	100
रसायन विज्ञान	20	100
गणित	10	50
जीव विज्ञान	10	50
हिन्दी	10	50
अंग्रेजी	10	50
सामान्य ज्ञान	10	50
	---	---
	90	450
	---	---

(नोट : परीक्षा माध्यमिक स्तरीय।)

उपरोक्त परीक्षा की तिथियाँ विज्ञापन के माध्यम से दी जायेंगी।

9.4.1 अभियंत्रण पाठ्यक्रम समूह PE (माध्यमिक स्तरीय), पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह PM और पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह PMM में से जिन पाठ्यक्रम समूह/ समूहों के लिये किसी आवेदक को अर्हता प्राप्त है, उन पाठ्यक्रम समूह/ समूहों में से जितने पाठ्यक्रम समूह/ समूहों का उल्लेख उसने अपने मूल आवेदन पत्र के विहित स्थान पर किया है और तदनुसार कंडिका-10.1(ii)(c) में उल्लिखित दर से परीक्षा शुल्क दिया है, केवल उन्ही पाठ्यक्रम समूह/ समूहों से संबंधित प्रश्न पत्र/ प्रश्न पत्रों में वह परीक्षा दे सकेगा।

9.4.2 उपरोक्त कंडिका 9.4.1 के आलोक में आवेदकों की पात्रता के अनुसार उनके मूल आवेदन पत्र के विहित स्थानों पर उल्लिखित पाठ्यक्रम समूह / समूहों के लिए कंडिका 9.4 में दिये गये पाठ्यक्रम समूहवार प्रश्न पत्र / परीक्षा तिथि एवं परीक्षा अवधि / परीक्षा स्तर के अनुसार प्रश्न पत्र / प्रश्न पत्रों में उन्हें परीक्षा देनी होगी।

(क) जो आवेदक पॉलिटेकनिक **(अभियंत्रण) पाठ्यक्रम समूह** PE की परीक्षा हेतु अर्हता रखते हैं, वे पॉलिटेकनिक (अभियन्त्रण) प्रवेश प्रश्न पत्र में परीक्षा दे सकेंगे। देखें कंडिका 9.4.(i)।

(ग) जो आवेदक पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह PM की परीक्षा हेतु अर्हता रखते हैं, वे पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) प्रवेश प्रश्न पत्र में परीक्षा दे सकेंगे। देखें कंडिका 9.4.(ii)।

(घ) जो आवेदक पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह PMM की परीक्षा हेतु अर्हता रखते हैं, वे पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) प्रवेश प्रश्न पत्र में परीक्षा दे सकेंगे। देखें कंडिका 9.4.(iii)।

9.4.3 मेधा सूची :

PE / PMM / PM पाठ्यक्रम समूहों के लिये निर्धारित प्रश्न पत्र के प्राप्तांकों के आधार पर उस पाठ्यक्रम समूह के लिये कोटिवार मेधा के आधार पर उस पाठ्यक्रम समूह के लिये कोटिवार मेधा सूचियाँ बनाई जायेंगी। इस प्रकार पाठ्यक्रम समूहवार / कोटिवार बनाई गई मेधा सूचियों से पाठ्यक्रमवार/ कोटिवार उपलब्ध सीटों को पात्रता प्राप्त आवेदकों द्वारा मेधा- सह-विकल्प के आधार पर भरा जायेगा।

9.5 **यदि दो या दो से अधिक परीक्षार्थियों के कुल प्राप्तांक समान हों तो उनका मेधा क्रम निम्नलिखित के अनुसार निर्धारित किया जायेगा:**

स्तर क्रम	पॉलिटेकनिक अभियंत्रण पाठ्यक्रम (माध्यमिक स्तरीय)	पारा मेडिकल पाठ्यक्रम (माध्यमिक स्तरीय)	पारा मेडिकल पाठ्यक्रम (इंटरमीडिएट स्तरीय)
1. प्राप्तांकों का जोड़ समान होने पर	गणित खंड में कुल प्राप्तांक के अनुसार	जीव विज्ञान खंड के कुल प्राप्तांक के अनुसार	सामान्य विज्ञान खंड के कुल प्राप्तांक के अनुसार
2. स्तर (1) समान होने पर	भौतिक विज्ञान खंड के कुल प्राप्तांक के अनुसार	रसायन विज्ञान खंड के कुल प्राप्तांक के अनुसार	अंक गणितीय योग्यता खंड के कुल प्राप्तांक के अनुसार
3. स्तर (2) समान होने पर	जिसकी जन्म-तिथि पहले हो	जिसकी जन्म-तिथि पहले हो	जिसकी जन्म-तिथि पहले हो

9.6 मेधा सूची/ परीक्षाफल तैयार करने में टंकण में या कम्प्यूटर से किसी प्रकार की गलती होने से नामांकन का दावा नहीं किया जा सकेगा।

10. **आवेदन पत्र तथा परीक्षा शुल्क :**

10.1 **आवेदन प्रपत्र, विवरण पुस्तिका एवं परीक्षा शुल्क :** DCECE (PE/PMM/PM)-2026 में सम्मिलित होनेवाले अभ्यर्थी विवरण पुस्तिका (Prospectus) पर्षद के Website : bceceboard.bihar.gov.in से Download कर प्राप्त कर सकते हैं। Online आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी पर्षद के उक्त वेबसाईट पर जा कर **"Online Portal of DCECE (PE/PMM/PM)-2026"** Link पर Click करने के बाद New Registration button पर click करें। इसके उपरान्त आवेदन प्रपत्र भरने हेतु जो निर्देश (Instruction) दिखेगा, उसे अभ्यर्थी अच्छी तरह पढ़ एवं समझ लें।

i. **Step-One (Registration) :**

इस परीक्षा हेतु Registration (निबंधन) के लिए सारी सूचनाएँ (Information) Step-One के अंतर्गत कम्प्यूटर के स्क्रीन पर दिखने वाले आवेदन प्रपत्र में सही-सही अभ्यर्थी को भरना होगा। अभ्यर्थी Registration करते समय यह ध्यान रखें कि वे केवल अपना या अपने पिता / माता का ही email पता एवं Mobile No. का इस्तेमाल कर रहें हों, क्योंकि Registration से संबंधित सभी सूचनाएं उसी email पता एवं Mobile No. पर भेजा जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा दिये गये Mobile No. एवं email पता को सत्यापित करने हेतु उक्त दोनों पर अलग-अलग सत्यापन कोड (Verification Code) भेजा जाएगा, जिसे अभ्यर्थी द्वारा Registration करने के क्रम में सत्यापन कोड (Verification Code) डालकर सत्यापित करना होगा। Mobile No. एवं email पता के सत्यापन के बाद सफलतापूर्वक Registration हो जाने के उपरांत किसी भी परिस्थिति में Mobile No. एवं email पता का बदलाव पूरे सत्र के दौरान नहीं किया जायेगा। सफलतापूर्वक Registration हो जाने के बाद अभ्यर्थी के Registered Mobile No. एवं email पता पर सफलतापूर्वक Registration हो जाने की सूचना प्राप्त होगी, जिसमें उनका Registration Number (पंजीयन संख्या) उल्लिखित रहेगा। इसके बाद अभ्यर्थी आवेदन को पूर्ण रूप से Online भर कर जमा करने हेतु अपने Account में login करेंगे जिसके लिए वे अपना Registration Number (पंजीयन संख्या) तथा Regisration के क्रम में दिये गये Password को डालकर "Sign In" बटन पर click करें तथा आगे की प्रक्रिया को पूरा करें। Registration के क्रम में अभ्यर्थी अपने द्वारा दिये गये Password को गोपनीय रखें अन्यथा पर्षद किसी भी तरह की परेशानी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

ii. **Step-Two (Multi-Step Application Form) :**

(a) Apply for Course Group :

सफलतापूर्वक Registration कर पुनः अपने Account में Login करने के उपरान्त कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिख रहे "Apply for Course Group" बटन / link को click कर अर्हतानुसार एक या एक से अधिक Course Group का चयन करें एवं Save & Continue बटन पर Click करें ।

(b) Personal Information :

Course Group का चयन करने के उपरान्त कम्प्यूटर स्क्रीन पर Personal Information से संबंधित required entries पूरी तरह भरें एवं Save & Continue बटन पर Click करें ।

(c) Contact Details :

Personal Information भरने के बाद अभ्यर्थी अपना स्थायी एवं पत्राचार का पता से सम्बन्धित सूचनाओं (Contact Details) को कम्प्यूटर स्क्रीन पर आवश्यकतानुसार भर कर Save & Continue बटन पर Click करें ।

(d) Educational Information :

Contact Details भरने के बाद अभ्यर्थी अपना शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी सूचनाओं (Educational Information) को कम्प्यूटर स्क्रीन पर आवश्यकतानुसार भर कर Save & Continue बटन पर Click करें ।

(e) Upload Photo & Signature :

Educational Information भरने के बाद अभ्यर्थी अपना उच्च कंट्रास्ट का रंगीन पासपोर्ट साईज फोटों एवं अपना हिन्दी / अंग्रेजी में हस्ताक्षर कर कम्प्यूटर स्क्रीन में दिये गये निर्देश के अनुसार Scan कर निर्धारित स्थान पर Upload करें । फोटो Placard के साथ (जिस पर आवेदक का नाम तथा फोटों खिंचवाने की तिथि अंकित हो) खिंचवाया हुआ ही प्रयोग में लाना आवश्यक है। साथ ही अभ्यर्थी को आवेदन पत्र भरते समय अपना लाइव फोटोग्राफ भी अपलोड करना होगा।

निर्धारित स्थान पर फोटो एवं हस्ताक्षर तथा लाइव फोटोग्राफ Upload करने के बाद Save & Continue बटन पर Click करें। **फोटों एवं हिन्दी / अंग्रेजी हस्ताक्षर upload करने तथा लाइव फोटोग्राफ खींचने एवं upload करने से संबंधित विस्तृत जानकारी Application Portal पर उपलब्ध है।**

iii. **Step-Three (Application Preview & Final Submit) :**

Step-One एवं Step-Two के अंतर्गत दी गई सूचनाओं को अभ्यर्थी अच्छी तरह जांच लें। यदि जाँच के क्रम में किसी भी Step (चरण) के भरे गये Form में दी गयी सूचना / प्रविष्टि गलत पाई जाती है तो अभ्यर्थी अपने उस सूचना को Back to Edit बटन पर Click कर अपने सूचना / प्रविष्टि को सुधार कर Save & Continue बटन पर Click करें, ताकि आपके द्वारा पुनः दिये गये सूचनाएँ Update हो सकें।

भरे गए आवेदन प्रपत्र के Preview उपरान्त सारी सूचनाएं सही पायी जाती है, तो अपना Declaration देकर Final Submit & Proceed to Payment बटन पर Click करें, ताकि परीक्षा / परामर्श शुल्क जमा करने की प्रक्रिया Step-Four अनुसार पूर्ण करें। अगर अभ्यर्थी पूर्ण रूप से भरे गये Data को Final Submit कर देते हैं परन्तु परीक्षा / परामर्श शुल्क जमा नहीं करते हैं तो उनका भरा गया आवेदन-पत्र अपूर्ण मानते हुए आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

iv. **Step-Four (Payment of Examination / Counselling Fee) :**

अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी सारी प्रविष्टियों के Preview को देखकर Submit करने के बाद Payment of Examination / Counselling Fee बटन पर Click कर कम्प्यूटर स्क्रीन पर परीक्षा शुल्क भरने के निर्देश के अनुसार Payment की प्रक्रिया को पूरी करें। जमा किये गये परीक्षा / परामर्श शुल्क को लौटाया नहीं जायेगा।

परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रक्रियाएं हैं ;

a. **Online Payment :** अगर अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान Online यथा; क्रेडिट कार्ड अथवा डेबिट कार्ड अथवा UPI अथवा नेट बैंकिंग के माध्यम से करना चाहते हैं तो वे कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिख रहे Payment Mode से Online Option को Select कर क्रेडिट अथवा डेबिट कार्ड अथवा UPI अथवा नेट बैंकिंग के माध्यम से करें । परीक्षा शुल्क जमा करने पर उसमें लगने वाली अतिरिक्त राशि (Processing Charge) का भुगतान अभ्यर्थी को ही करना पड़ेगा।

b. **उपरोक्त विधियों से परीक्षा शुल्क का भुगतान से संबंधित आवश्यक विवरणी निम्नवत् है;**

(क) **किसी एक पाठ्यक्रम-समूह के लिये :** जो अभ्यर्थी सामान्य / पिछड़ा वर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के हों उनको 750/- (सात सौ पचास) रुपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा । जबकि अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / विकलांग (DQ) कोटि के लिए परीक्षा शुल्क 480/- (चार सौ अस्सी) रुपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा ।

(ख) **किन्ही दो पाठ्यक्रम-समूहों के लिये :** जो अभ्यर्थी सामान्य / पिछड़ा वर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के हों उनको 850/- (आठ सौ पचास) रुपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा । जबकि अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / विकलांग (DQ) कोटि के लिए परीक्षा शुल्क 530/- (पाँच सौ तीस) रुपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा ।

(ग) **सभी तीन पाठ्यक्रम-समूहों के लिये :** जो अभ्यर्थी सामान्य / पिछड़ा वर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के हों उनको 950/- (नौ सौ पचास) रुपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा । जबकि अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / विकलांग (DQ) कोटि के लिए परीक्षा शुल्क 630/- (छः सौ तीस) रुपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा ।

नोट : 1. यदि Examination / Counselling हेतु Fee के रूप में भुगतान की गई राशि आपके खाते से कट जाती है परन्तु शुल्क भुगतान विफल हो जाता है, तो ऐसी स्थिति में आप वांछित शुल्क का पुनः भुगतान करें। यदि आप Examination / Counselling Fee का भुगतान निर्धारित समय तक दुबारा नहीं करते हैं, तब आपका आवेदन पत्र अधूरा ही रह जायेगा और आप इस Examination / Counselling हेतु पात्रता-प्राप्त नहीं रहेंगे।

बैंक खाते से विफल भुगतान की राशि आपके खाते में स्वतः Refund हो जायेगी।

2. Examination / Counselling हेतु Fee के भुगतान से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कठिनाई / असुविधा के निवारण हेतु Online application portal पर उपलब्ध email ID : **bangalorepgsd@billdesk.com** पर email के माध्यम से अथवा Helpdesk phone no. 0612-2220230 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

v. **Step-Five (Download Confirmation Page & Fee Receipt) :** पर्षद द्वारा निर्धारित तिथि एंव समय तक भुगतान करने के बाद अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये आवेदन प्रपत्र की Confirmation Page एवं Fee Receipt की प्रति Download कर Print निकाल अपने पास सुरक्षित रख लें क्योंकि उसमें आपके द्वारा भरी गई सारी प्रविष्टियाँ एवं पर्षद द्वारा उपलब्ध कराया गया Registration No. उल्लिखित होगा, जिसका उपयोग कॉउन्सेलिंग के समय या भविष्य में आपके द्वारा किया जा सकता है।

नोटः (a) Download किये गये आवेदन प्रपत्र की Confirmation Page को पर्षद कार्यालय में भेजने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रपत्र को कॉउन्सेलिंग के समय पर्षद को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, इसलिए अभ्यर्थी इस प्रपत्र को सुरक्षित रख लें।

(b) उपरोक्त सारी प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद अन्तिम रूप से Online Application Form Submit करने के बाद Application Form में परिवर्तन / संशोधन का प्रावधान नहीं है।

(c) अभ्यर्थी कृपया नोट कर लें कि Application Form के Submission के बाद इसे न तो Withdraw किया जा सकेगा और न ही जमा किये गये परीक्षा शुल्क को **Refund / Chargeback** का अनुरोध स्वीकार किया जायेगा ।

(d) इन्टरनेट या पोस्टल या बैंकिग व्यवधान के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा । अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथियों का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे ।

vi. (i) यदि अभ्यर्थी को Online Application Form भरने के उपरांत पता चलता है कि आवेदन पत्र भरने में कोई सूचना/ फोटो/ हस्ताक्षर Upload करने में गलती हुई है तो उसे सुधार करने हेतु Edit करने का मौका दिनांक 23.04.2026 से दिनांक 24.04.2026 तक दिया जाएगा।

(ii) Online Application Form में सुधार (Edit) केवल वैसे अभ्यर्थी ही कर सकते हैं, जिन्होंने निर्धारित तिथि तक अपना Online Application Form पूर्ण रूप से भर का सफलतापूर्वक परीक्षा शुल्क जमा कर दिया हो।

(iii) अभ्यर्थी अपने Online Application Form में सुधार (Edit) करने हेतु Application के Home Page पर जाकर Sign In button को Click कर अपने Registration Number (पंजीकरण संख्या) एवं Password को डालें एवं Sign In बटन पर Click कर अपने Account में Login करें तथा आवश्यक सुधार कर Save & Continue बटन पर Click करें, ताकि आपके द्वारा Edit किये गए Entries Update हो सके एवं पुनः Edited आवेदन प्रपत्र की Confirmation Page को Download कर Print निकाल अपने पास सुरक्षित रख लें।

vii. **DCECE (PE/PMM/PM)-2026 से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तिथियाँ :-**

(i)	Online Registration Starting Date		:	**19.03.2026**
(ii)	Online Registration Closing Date		:	**21.04.2026**
(iii)	Last date of payment through Net Banking / Debit Card / Credit Card / UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate		:	**22.04.2026 (11.59 pm)**
(iv)	Online Editing of Application Form		:	**23.04.2026** to **24.04.2026**
(v)	Uploading of Online Admit Card		:	**15.05.2026**
(vi)	**Proposed date of Examination**	(I) PE	:	**23.05.2026**
		(II) PM एवं PMM	:	**24.05.2026**

10.2.अपूर्ण रूप से भरा गया Online आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

10.3 परीक्षा शुल्क एक बार स्वीकार कर लिये जाने पर स्वीकार की गई राशि किसी भी हालत में आवेदक/ क्रेता को नहीं लौटाई जायेगी।

11. आवेदन पत्र भरने के लिये आवश्यक निर्देश :

11.1 परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम-समूह के विकल्प :

(i) प्रत्येक आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार जिन पाठ्यक्रम-समूहों के लिए परीक्षा देना चाहता है, और तदनुसार जिनके लिए उसने कंडिका 10 में उल्लिखित दर से परीक्षा शुल्क दिया है, उनका उल्लेख अपने आवेदनपत्र में विहित स्थान पर कर दे।

(ii) यदि कोई आवेदक एक या एक से अधिक या सभी पाठ्यक्रम समूहों के लिये अर्हतायें / वांछित योग्यतायें (देखें केडिका 4/ 5/ 6) रखता है तो तदनुसार उसे उनमें से एक या एक से अधिक या सभी का उल्लेख अपने आवेदन पत्र के विहित स्थानों में करने और तदनुसार कंडिका 10 में उल्लिखित दर से परीक्षा शुल्क देने का विकल्प उपलब्ध है।

11.2 फोटोग्राफ :

(क) ऑन लाईन आवेदन में निर्दिष्ट स्थान पर पासपोर्ट साईज (3.5 से.मी. x 4.5 से.मी.) रंगीन उच्च कंट्रास्ट का फोटो अपलोड करें, जो सामने से एक तख्ती (Placard) के साथ, जिस पर आवेदक का नाम तथा फोटो खिंचवाने की तिथि अंकित हो, के साथ स्टूडियो में खिंचवाये गये हो । उदाहरण के लिए नीचे का चित्र देखें ;



स्टूडियो में फोटो खिंचवाने की तिथि 01.01.2026 से पहले की नहीं होनी चाहिए।

(ख) प्रयोग में लाये गये फोटोग्राफ में दोनो कान नजर आने चाहिए। फोटोग्राफ अस्पष्ट (ओभर एक्सपोज्ड / अन्डर एक्सपोज्ड या डार्क) नहीं होने चाहिए और उनको खिंचवाते समय टोपी (कैप) एवं काला / रंगीन चश्मा (डार्क कलर्ड स्पैक्टेकिल्स) नहीं लगा हो या अन्य प्रकार से अपनी पहचान छिपाने का प्रयत्न नहीं हो, अन्यथा संबन्धित आवेदन पत्र रद्द कर दिया जायेगा।

(ग) Downloaded Confirmation page पर निदेश के अनुसार फोटो चिपकाने के बाद, आवेदक निर्धारित स्थान पर अपना पूरा हस्ताक्षर हिन्दी तथा अंग्रेजी में करें। इसके अतिरिक्त आवेदक द्वारा स्वहस्तलिपि में लिखी गयी घोषणा के नीचे उनके पिता/ माता या अभिभावक की घोषणा के लिए उनका हस्ताक्षर किया जाना आवश्यक है।

11.3 नाम एवं पता :

अपना नाम तथा पिता का नाम आवेदन पत्र तथा संलग्न प्रपत्रों के सभी निर्धारित स्थानों पर माध्यमिक परीक्षा समिति/ समकक्ष परीक्षा संस्था के **रेकॉर्ड की वर्तनी (Spelling) के अनुसार ही लिखें।** स्थायी पता वही होना चाहिए जो आवेदक के आवासीय प्रमाण पत्र में उल्लिखित हो।

11.4 कोटि (Category) :

11.4.1 आरक्षण हेतु उचित कोटि में स्थान पाने के लिए आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर उचित कोटि निम्नलिखित संकेत के अनुसार भरें :

क्र.	कोटि (Category)	संकेत
i.	General Category (Unreserved) (वैसे आवेदक जो SC/ ST/ EBC/ BC/EWS में से किसी आरक्षण कोटि में दावा नहीं करते हों)	UR
ii.	Scheduled Caste	SC
iii.	Scheduled Tribe	ST
iv.	Extremely Backward Caste	EBC
v.	Backward Caste	BC
vi.	Economically Weaker Section	EWS

11.4.2 आवेदक अपने ऑनलाईन आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर आरक्षण के दावा के लिए आरक्षण की जिस कोटि (category) को अंकित करेंगे, वही कोटि परीक्षा एवं सीट / संस्थान के आवंटन हेतु मान्य होगी। एक बार अंतिम रूप से आवेदन स्वीकृत हो जाने के बाद किसी प्रकार का कोटि परिवर्तन मान्य नहीं होगा। यदि कोई आवेदक अपने आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अंकित आरक्षण कोटि के लिए निर्धारित प्रमाण पत्र कॉउनसेलिंग के समय संलग्न नहीं करता है अथवा निर्धारित स्थान पर आरक्षण कोटि अंकित नहीं करता है, तो उसे सामान्य [Unreserved (UR)] कोटि में समझा जायेगा। आवेदक की किसी गलती/ असावधानी के फलस्वरूप उसके किसी दावा के हनन होने का उत्तरदायित्व उसी आवेदक का होगा।

11.5 सैनिक कर्मचारी कोटा (SMQ) :

11.5.1 यदि आप कंडिका 8 के अनुसार सैनिक कर्मचारी कोटा (SMQ) के लिये आरक्षण का लाभ लेना चाहते हैं तो निर्धारित स्थान पर 'Yes' भरें अन्यथा 'No' भरें।

11.5.2 यदि 'सैनिक कर्मचारी कोटा' के लिये निर्धारित स्थान में आपने 'Yes' भरा है और आप सैनिक कर्मचारी के पुत्र / पुत्री हैं तो निर्धारित स्थान पर सम्बन्ध अंकित करें।

11.6 शैक्षणिक अर्हतायें :

ऑन लाईन आवेदन की कंडिका 16 से 18 पर विवरण पुस्तिका की कंडिका- 4.1, 5.1 एवं 6.1 के अनुसार जो भी अर्हतायें आपके लिये लागू हों उनके लिये उत्तीर्ण परीक्षाओं का नाम तथा विषयवार प्राप्तांकों तथा प्रतिशत को भरें।

11.7 जन्म-तिथि :

जन्म-तिथि अंग्रेजी कैलेन्डर के अनुसार क्रमवार तिथि, महीना तथा वर्ष अंग्रेजी अंकों में लिखें। जन्म-तिथि वही हो जो माध्यमिक परीक्षा (मैट्रिक परीक्षा) या समकक्ष दसवीं परीक्षा के लिए अभिलिखित हो।

11.8 लिंग (Sex) :

निम्नांकित के अनुसार निर्धारित स्थान में लिंग अंकित करें :

i. Male (पुरुष)

ii. Female (महिला)

iii. Transgender (तृतीय लिंग)

नोट : सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक-12722 दिनांक 12.09.2014 के आलोक में किन्नर / कोथी / हिजड़ा / ट्रांसजेन्डर व्यक्तियों को पिछड़े वर्गों को मिलने वाले आरक्षण का लाभ देय होगा।

11.9 आवासीय विवरण :

आवेदनपत्र में उचित आवासीय विवरण भरें। इस डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक है कि आवेदक आवासीय विवरण में उल्लिखित विकल्पों में से किसी एक विकल्प की पुष्टि करते हों (देखें कंडिका 4.2 / 5.2 / 6.2)।

11.10 घोषणा :

आवेदक के पिता / अभिभावक (यदि पिता जीवित न हों तो) तथा आवेदक के लिये निर्धारित अलग अलग घोषणा पत्र स्वहस्तलिपि में क्रमशः भरा एवं लिखा तथा हस्ताक्षरित होना चाहिये। आवेदक को अपनी घोषणा आवेदन पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर स्वहस्तलिपि में लिखकर निर्धारित स्थान पर अपना हस्ताक्षर करना अनिवार्य है अन्यथा उसका आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

11.11 जिला कोड :

आवेदन पत्र के क्रमांक-20 में जिला का कोड निम्नलिखित के अनुसार भरें :

क्रमांक	जिला	कोड	क्रमांक	जिला	कोड
1.	पटना	01	20.	दरभंगा	20
2.	भोजपुर	02	21.	समस्तीपुर	21
3.	बक्सर	03	22.	मधुबनी	22
4.	रोहतास	04	23.	सहरसा	23
5.	भभुआ	05	24.	मधेपुरा	24
6.	नालन्दा	06	25.	सुपौल	25
7.	गया	07	26.	पूर्णिया	26
8.	नवादा	08	27.	कटिहार	27
9.	औरंगाबाद	09	28.	किशनगंज	28
10.	जहानाबाद	10	29.	अररिया	29
11.	सारण	11	30.	भागलपुर	30
12.	सिवान	12	31.	बांका	31
13.	गोपालगंज	13	32.	मुंगेर	32

14.	वैशाली	14	33.	बेगुसराय	33
15.	मुजफ्फरपुर	15	34.	खगड़िया	34
16.	सीतामढ़ी	16	35.	जमुई	35
17.	शिवहर	17	36.	लखीसराय	36
18.	पूर्वी चम्पारण	18	37.	शेखपुरा	37
19.	पश्चिमी चम्पारण	19	38.	अरवल	38
			39.	बिहार के बाहर अन्य सभी स्थान।	39

उपरोक्त जिलों के कोड मे से उचित कोड क्रमांक-15 के निर्धारित स्थान पर भरें। उचित कोड उसी जिले का होगा जिसमें वह स्कूल/ कॉलेज / संस्थान अवस्थित है, जहाँ से आवेदक ने शैक्षणिक अर्हता प्राप्त की हो।

11.12 जाति प्रमाण पत्र :

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा विभिन्न कोटि के पिछड़े वर्ग के आवेदकों को सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र विहित प्रपत्र में होना आवश्यक है। जाति प्रमाण पत्र में प्रमाणित जाति आवेदक के मूल आवेदन पत्र में अंकित आरक्षण कोटि के लिए सुसंगत होना चाहिए।

11.13 Online भरे गये आवेदन के Confirmation page की हार्ड कॉपी कॉउन्सेलिंग के समय लाना अनिवार्य होगा।

12. आवेदन पत्र भरने से संबंधित विशेष सूचना :

ऑन लाईन आवेदन में अंकित की गई सूचना ही अंतिम रूप से मान्य होगी।

13. डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा प्रक्रिया :

13.1 प्रवेश पत्र :

(क) प्राप्त आवेदन पत्रों की जाँच के बाद उपयुक्त पाये गये आवेदकों के लिए परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र पर्षद के Website: **bceceboard.bihar.gov.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है, जो इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए मान्य (valid) होगा। प्रवेश पत्र प्राप्त होने पर प्रत्येक आवेदक को चाहिये कि उस पर लिखे निर्देश अवश्य पढ़ लें।

